भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 547 का उत्तर

नांदेड़-बीदर के मध्य रेल लाइन बिछाना

547. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नांदेड़-बीदर नई रेल लाइन बिछाने में विलंब के क्या कारण हैं;
(ख) सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है और उक्त कार्य पर कितनी धनराशि व्यय होने की संभावना है; और
(ग) नांदेड़-बीदर नई रेल लाइन बिछाने का कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): नांदेड़-बीदर (155 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना को अपेक्षित अनुमोदनों के प्राप्त होने के अध्यधीन 2018-19 के बजट में शामिल किया गया है। परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। चूंकि, परियोजना में कम यातायात का अनुमान है, इसलिए महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार से निःशुल्क भूमि मुहैया कराने और संबंधित राज्य में पड़ने वाले परियोजना के निर्माण की 50% लागत की भागीदारी करने का अनुरोध किया गया है। बहरहाल, उनकी सहमति अभी प्राप्त नहीं हुई है। यह परियोजना अभी स्वीकृत नहीं है, इसलिए कार्य शुरू करने के लिए कोई समय-सीमा और व्यय का ब्यौरा नहीं दिया जा सकता है।

*****

s.k